हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

# BA LLB
# BBA LLB
# LLB
# LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

RESEARCH
**Ph.D.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

ENGINEERING
**Diploma** | **B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

- **BBA** (With **FINTECH** as a specialisation)
- BCA in **AI & ML**
- B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- BBA in **Film Making** In collaboration with
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Master of **Data Science**
- BCA Specialisation in **Game Development with AI**
- Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में पकड़े गए तीन में से दो नाबालिग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। फरार नाबालिगों की पुलिस तलाश में जुटी हुई है। इस संबंध में अफसरों से संपर्क करने पर अफसर कुछ भी बताने से बच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस की टीम नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश करने माना बाल संप्रेक्षण गृह लेकर गई थी। इस दौरान पुलिस गाड़ी में सवार तीन नाबालिग पुलिस के ध्यान हटते ही उन्हें चकमा देकर भाग गए। एक नाबालिग को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। अन्य दो नाबालिग पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कोर्ट में पेशी में लाए गए एक हत्या का आरोपी फरार हो गया था।

### ब्राउन शुगर तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के एक फरार आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य राज्यों में ड्रग तस्करी करता था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिछले साल 22 दिसंबर को 11.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की छापे की कार्रवाई के दौरान चंदन ठाकुर, ऋषभ फरार हो गए थे। पुलिस ने चंदन को नागपुर से गिरफ्तार किया है।

### दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, थाने का घेराव

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के मोमिनपारा में धार्मिक जुलूस को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने की घटना सामने आई है। दोनों पक्षों ने आजाद चौक थाने का घेराव कर एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है। दल-बल के साथ पहुंचे अफसर आपसी समझाइश के बाद तनावभरी स्थिति को नियंत्रित करते रहे।

### नशीली टेबलेट बिक्री मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कमिश्नरेट रायपुर के डीसीपी सेंट्रल जोन की अगवाई में सिविल लाइंस पुलिस ने नशीली टेबलेट बिक्री के मामले में एक और आरोपी कांटाभांजी ओडिशा निवासी अर्जुन मजखण्ड उर्फ चेनू को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी सप्लायर के रूप में कार्यरत था और नशीली टेबलेट अवैध रूप से ग्राहक तक पहुंचाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग मोबाइल फोन जब्त किया है। इस प्रकरण में दो अन्य आरोपियों दुर्गेश महानंद उर्फ फुला और टाण्डन उर्फ हनी को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामला 3 फरवरी 2026 का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिविल लाइंस क्षेत्र, मुक्तिधाम न्यू 2 अंतिनगर के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखकर बिक्री के उद्देश्य से ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने तुरंत रेड कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से 80 नग नशीली टेबलेट जब्त की।

# किसानों को संगठित कर मजबूत बाजार व्यवस्था बनाने की पहल

## शबरी नदी पर डेम और उद्योगों को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण प्रकाश सिंह चौहान ने प्रेसवार्ता के दौरान क्षेत्र के किसानों, युवाओं और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों को संगठित कर उन्हें मजबूत आर्थिक आधार देना है।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कई किसानों को एकजुट कर 200 से 500 एकड़ तक का बड़ा कृषि पैच तैयार किया जाएगा। इस पैच को एक समिति के माध्यम से संचालित करते हुए व्यापारियों से सीधे कॉन्ट्रैक्ट किया जाएगा। इसके तहत किसानों द्वारा उगाई जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली फसल, सब्जियां और फल, विशेष रूप से ऑर्गेनिक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सकेगा।



सिंचाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने शबरी नदी पर बड़ा प्रस्ताव रखते हुए कहा कि एराबोर से लेकर छिंदगढ़ तक सात बड़े डेम बनाए जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इन डेमों को बरसात के समय खोल दिया जाए और अंतिम वर्षा के बाद बांध दिया जाए, ताकि जल संचयन भी हो और भूमि डुबान की स्थिति भी न बने। उनका कहना है कि इस योजना से क्षेत्र की सहायक नदियां सालभर पानी से भरी रहेंगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। प्रेसवार्ता में उन्होंने आर्सेलर मित्तल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जल संसाधन एग्रीमेंट की नोटरी 25 फरवरी 2006 में हुआ था लगभग 1000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में हुए अनुबंध के बावजूद कंपनी ने क्षेत्र के विकास, रोजगार और प्रशिक्षण के मुद्दों पर अपेक्षित कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी से यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर संभाग के कितने युवाओं को रोजगार दिया गया और कितनों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने बड़े उद्योगपतियों को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए केवल एक कंपनी पर निर्भर रहना उचित नहीं है। यदि अडानी, मुकेश अंबानी जैसे बड़े उद्योगपति इस क्षेत्र में आकर उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है।

## जनजातीय जोश का संगम, शहर में एथलेटिक्स का महा मुकाबला आज से

# 27 राज्यों के 443 खिलाड़ी दिखाएंगे दम, 102 पदकों पर होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर








छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध बस्तर में सोमवार से खेलों का नया इतिहास रचने की शुरूआत होने जा रही है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत रायपुर में भव्य आगाज के बाद अब जगदलपुर के धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स स्पर्धाओं का रोमांच चरम पर रहेगा। देश भर के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए लगभग 443 प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। आयोजन का शुभंकर मोर वीर जनजातीय युवाओं के साहस, ऊर्जा और संघर्षशीलता का प्रतीक बनकर आकर्षण का केंद्र है। यह जानकारी कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुन्दराज पी तथा कलेक्टर आकाश छिकारा ने संयुक्त प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स की कुल 17 स्पर्धाओं में 100 मीटर से लेकर 10000 मीटर दौड़, हर्डल्स, रिले रेस, ऊंची और लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। पहले दिन डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप और 110 मीटर हर्डल्स के फाइनल मुकाबले खेल प्रेमियों को रोमांचित करेंगे। शाम को 400 मीटर और रिले रेस के साथ पदक वितरण होगा।

कलेक्टर ने बताया कि एथलेटिक्स में कुल 102 पदकों के लिए मुकाबला होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के 33 खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने को तैयार हैं। आयोजन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए खिलाड़ियों के आवास, परिवहन, सुरक्षा और चिकित्सा की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

आईजी ने कहा इस महाकुंभ के माध्यम से न केवल जनजातीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिल रहा है, बल्कि बस्तर की नई पहचान भी उभरकर सामने आ रही है। खेलों के साथ-साथ खिलाड़ियों और अधिकारियों को बस्तर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा जिससे वे यहां की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से भी परिचित हो सकेंगे।

### खेलों के जरिए नई पहचान

कमिश्नर और आईजी ने विश्वास जताया कि बस्तर अब तेजी से बदल रहा है और यह आयोजन उस परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। नक्सलवाद की छवि से बाहर निकलकर अब बस्तर खेल, संस्कृति और पर्यटन केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। पूर्व में आयोजित बस्तर पंडुम और हाफ मैराथन को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद ने इस विश्वास को और मजबूत किया है। आयोजन को सफल बनाने में सभी विभागों और नागरिकों के सहयोग की सराहना की।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की खासियत

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स जनजातीय युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच देने की एक ऐतिहासिक पहल है । जिसमें देशभर के आदिवासी अंचलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस आयोजन के जरिए न केवल खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलती है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक विरासत और जीवनशैली को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाता है। बस्तर जैसे क्षेत्र में इस आयोजन का होना यह दर्शाता है कि अब यह क्षेत्र विकास, शांति और संभावनाओं की नई राह पर अग्रसर है। जहां खेल के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

# ऋषिका ने वेटलिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीत रचा इतिहास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ खेलो इंडिया में अपनी ताकत और तकनीक का मनवाया लोहा

हौसले बुलंद हों तो मंजिल खुद-ब-खुद कदम चूमती है। इसे सच कर दिखाया है दंतेवाड़ा जिले के बचेली की होनहार खिलाड़ी ऋषिका कश्यप ने। राष्ट्रीय स्तर खेलो इंडिया के प्रतिष्ठित मंच पर ऋषिका ने अपनी ताकत और तकनीक का लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। ऋषिका ने 86 किलोग्राम भार वर्ग की कड़ी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। अपनी सूझबूझ और वर्षों की मेहनत का परिचय देते हुए उन्होंने कुल 121 किलोग्राम स्नैच + क्लीन एंड जर्क वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। पदक तालिका में उनका नाम आते ही समूचे दंतेवाड़ा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश भर के दिग्गज खिलाड़ी शामिल हुए थे, जिनके बीच ऋषिका का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी तपस्या को दर्शाता है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि ऋषिका की यह उपलब्धि बस्तर संभाग के अन्य युवाओं के लिए एक मिसाल बनेगी कि सुविधाओं से ज्यादा संकल्प मायने रखता है। बचेली नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल तथा वार्ड पार्षद हरीश शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की ऋषिका की यह जीत जिले के अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने जो मुकाम हासिल किया है, वह काबिले तारीफ है। ऋषिका की इस ऐतिहासिक सफलता पर कोच नंदकिशोर साहू, ऋषिता की मेंटोर शिप्रा बिस्वास, जिला प्रशासन, खेल प्रेमियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया है। बचेली के लोगों का कहना है कि ऋषिका ने केवल पदक नहीं जीता, बल्कि यह साबित कर दिया कि दंतेवाड़ा की बेटियों में आसमान छूने का जज्बा है।

# ग्रामीणों को दिए जरूरत के सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

■ 241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का सिविक एक्शन प्रोग्राम

241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 28 मार्च को गांव कामोंपल्ली थाना मोदकपाल, मिनकापल्ली थाना मद्देड़ बीजापुर एवं डब्बामार्का कैंप थाना किस्ताराम सुकमा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्थानीय जनता के लिए पानी टंकी, आम, अमरूद और कठल के पौधे, सोलर लानटेन, गांव के युवाओं के खेल कुद के लिए क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कृषि उपयोगी सामान, महिलाओं के लिए कढ़ाई, स्टिल डेक्ची, थाली, गिलास, पुरुषों के लिए गमछा, लुंगी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए नोटबुक, स्कूली बैग, वाटर वोटल, पेंसिल पैकेट, बाक्स, सार्पनर, इरेजर, वालपेन, जेमेटरी बाक्स व गरीब महिलाओं के लिए साड़ियों, चप्पल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मोहित कपुर कमाण्डेन्ट-22 बटालियन ने किया। उन्होने स्थानीय जनों के प्रति सीआरपीएफ का ऐसे कार्यक्रमों की प्रशंसा की और गांव वासियों की समस्याओं को उनके सामने लाने को कहां और जल्द ही इसका निवारण हेतु कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उसके उपरांत कार्यकम के बारे में हरविन्दर सिंह कमांडेंट 241 बस्तरिया बटालियन ने बताया कि यह बटालियन स्थानीय लोगों के साथ समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण भाव से कार्य कर रही है। यह सामग्री ग्रामीणों के लिए बहुत ही उपयोगी व लाभकारी है। तथा डब्बामार्का कैंप में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने स्थानीय जनता को संबोधित किया।

इस दौरान 241 बस्तरिया बटालियन के अधिकारी राजेश के. सहायक कमांडेंट समवाय अधिकारी, निरीक्षक अशोक कुमार, गणेश कामडें एसडीपीओ बीजापुर, डी.पी पात्रे थाना प्रभारी मद्देड़, आकाश मासी थाना प्रभारी मोदकपाल, मति शशिकला जबा सरपंच मिनकापल्ली एवं मनोज सरपंच डब्बामार्का के साथ स्थानीय ग्रामीण एवं 241 बस्तारिया बटालियन के जवान मौजूद रहे।

### आदिवासी अस्मिता की रक्षा को 'डी-लिस्टिंग' जरूरी

**जगदलपुर।** आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए 'डी-लिस्टिंग' को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए



मुरिया समाज के युवा संजय मोर्य ने अपनी बात रखी है। आगामी 24 मई को नई दिल्ली में प्रस्तावित 'गर्जना रैली' के समर्थन में उन्होंने इसे एक वैचारिक आंदोलन बताया,जो किसी समुदाय विशेष के विरोध में नहीं,बल्कि वास्तविक आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से संचालित है। संजय मौर्य ने कहा कि आदिवासी समाज की मूल पहचान, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखना आज की सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने तर्क दिया कि आरक्षण जैसी संवैधानिक सुविधाओं का लाभ उन्हीं व्यक्तियों को मिलना चाहिए जो अपनी पारंपरिक जनजातीय जीवनशैली और सांस्कृतिक मूल्यों का पालन करते हैं। उनके अनुसार,धर्मांतरण के बाद सामाजिक संरचना में बदलाव आता है,ऐसे में आरक्षण के लाभ पर कानूनी पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। उन्होंने धर्मांतरण के बाद आरक्षण का लाभ लेने को अनुचित बताते हुए कहा कि इससे वास्तविक और जरूरतमंद आदिवासियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

# सामुदायिक भवन और शेड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



■ वार्ड क्रमांक 7 में विकास कार्यों की सौगात

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में नवनिर्मित सामुदायिक भवन और नवनिर्मित शेड का औपचारिक लोकार्पण संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य स्थानीय विकास के विभिन्न मदों के सहयोग से पूरा किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत दो प्रमुख संरचनाओं का निर्माण किया गया है। सामुदायिक भवन का निर्माण डीएमएफ मद से किया गया है। शेड निर्माण पार्षद मद की राशि से तैयार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, इन दोनों निर्माण कार्यों की कुल लागत लगभग 6.97 लाख रुपए रही है। वार्ड के निवासियों के लिए अब सामाजिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक बैठकों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। अतिथियों ने फीता काटकर और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद इन निर्माण कार्यों को जनता को समर्पित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा, हमारी प्राथमिकता है कि शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाएं सुलभ हों। डीएमएफ मद से निर्मित यह सामुदायिक भवन वार्डवासियों के सामाजिक आयोजनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चंदानी ने निर्माण की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा, पार्षद मद और अन्य सरकारी मदों का सही तालमेल ही क्षेत्र के विकास को गति देता है। यह शेड और भवन जनहित में समर्पित हैं। विधायक प्रतिनिधि नीलेश पाटले ने शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की बात कही और वार्ड में आगे भी ऐसे विकास कार्य जारी रखने का आश्वासन दिया। भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल ने वार्ड वासियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि वार्डवासियों ने सभी चुनावों में बढ़ चढ़ कर भाजपा का साथ देते हुए लगातार भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलवाई है, और वार्ड में निरंतर विकास कार्य चलते रहेंगे।

लोकार्पण समारोह में नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चांदनी, विधायक प्रतिनिधि नीलेश पटले, पार्षद धानसिंह नाग, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री नरेश चौहान, बसंत खुर्रा, सुरेश नाग सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक और पालिका के कर्मचारी भी मौजूद रहे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद श्रीमती विलासिनी नाग द्वारा किया गया।

# सुरक्षा बलों के सिविक एक्शन प्रोग्राम में 500 से अधिक ग्रामीणों को मिली सहायता, बढ़ा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

सुकमा जिले के दूरस्थ एवं दुर्गम वन क्षेत्र तुमालपाड़ में सुरक्षा बलों द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एक प्रभावी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महानिरीक्षक (छत्तीसगढ़) शालिन, आईपीएस के निर्देश तथा डीआईजी (ऑप्स) सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित के मार्गदर्शन में 226वीं बटालियन की डी कंपनी द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडर टाइगर एच.पी. सिंह ने किया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके बीच सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना रहा।



कार्यक्रम में सरपंगुड़ा, जब्बागट्टा, चिन्नाबोड़केल, तुमालपाड़, जोनागुड़ा और अलीगुड़ा सहित आसपास के गांवों से 500 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें स्कूली बच्चों के लिए नोटबुक, पेन, स्कूल बैग और ड्राइंग किट के साथ-साथ जल भंडारण के लिए 200 लीटर के टैंक, सोलर लैंप और टिन शीट भी शामिल रहे। इसके अलावा खेल सामग्री जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट किट और कैरम बोर्ड वितरित किए गए। घरेलू उपयोग की वस्तुओं में एल्यूमिनियम कड़ाही, पतीला, स्टील के बर्तन, चम्मच, छाते, साड़ियां, लुंगी, मच्छरदानी और कंबल बांटे गए। वहीं आजीविका को बढ़ावा देने के लिए साइकिल, सिलाई मशीन, फावड़ा, कुल्हाड़ी और गैंती भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के तहत एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें एसएमओ एस. कृष्णा के पर्यवेक्षण में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। समापन के अवसर पर सभी ग्रामीणों को भोजन कराया गया। इस दौरान कमांडर टाइगर एच.पी. सिंह और सहायक कमांडेंट अनुपम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य क्षेत्र के विकास को गति देना, शिक्षा को बढ़ावा देना और लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुरक्षा बलों की प्रतिबद्धता दोहराई। ग्रामीणों ने कार्यक्रम को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की और सहयोग के लिए आभार जताया।

# दुर्घटना से बचने बिजली एवं अन्य खंभों में लगाई गई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आज 29 मार्च को पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न मार्गों पर बिजली तथा अन्य खंभों पर रेडियम पट्टी का स्टीकर लगाया। सड़क मार्ग से आवागमन कर रहे वाहन चालक को रात्रि के समय स्पष्ट दिखाई नहीं देने के कारण टकराने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे चौक, तिराहा एवं मार्ग के स्टार्टिंग प्वाइंट पर खंभे में रेडियम पट्टी स्टीकर लगाया गया। ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

10 भानुप्रतापपुर और चारामा में कांग्रेस का प्रदर्शन...



10 जेपी इंटरनेशनल स्कूल के शिविर...





SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
विगत 9 वर्षों से संचालित
सिद्धि विनायक बच्चों का अस्पताल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. 99813-21524/72230-11528
नवजात शिशु विभाग ◆ आधुनिक एनआईसीयू ◆ पांच कृत्रिम श्वास मशीनें (वेंटिलेटर की सुविधा)
◆ आपके नवजात शिशु की बीमारियों का विशेष देखभाल ◆ सभी टीकाकरण प्रतिदिन
"विश्वास के साथ चिकित्सा का वादा"

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

बच्चों का विभाग :: ◆ ऑक्सीजन युक्त जनरल वार्ड ◆ आधुनिक आईसीयू ◆ बच्चों में होने वाली बीमारियों का विशेष देखभाल

## खबर संक्षेप

### संगठन सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार की बनी रणनीति



**दुर्गूकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल की बैठक हुई, जिसमें प्राथमिक लक्ष्य कांग्रेस संगठन को बूथ, सेक्टर, पंचायत और मंडल स्तर पर जमीनी रूप से मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा किया गया। नेताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम ब्लॉक प्रभारी कृष्णा टेकाम, सह प्रभारी राजकुमार ठाकुर, चेतन मरकाम और ब्लॉक अध्यक्ष धनेश नरेटी व अन्य उपस्थित रहें।

### 14 लीटर महुआ शराब जब्त, दो पर कार्रवाई

**कांकेर।** हल्बा चौकी पुलिस ने 28 मार्च को दो जगह छापामार कार्यवाई करते हुए दो शराब कोचिए को धर दबोचा।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी हटकाचारामा निवासी 42 वर्षीय धनराज कुंजाम पिता स्व. कुवंर सिंग अपने कब्जे में 7 लीटर महुआ शराब को रखा था और शराब को बेचने के फिराक में था। वही दूसरी कार्यवाई में हटकाचारामा निवासी 62 वर्षीय कुवारो बाई शोरी पति स्व. सुकराम शोरी के कब्जे से हाथ भट्टी से बना हुआ 7 लीटर महुआ शराब को पुलिस ने जप्त किया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### एकलव्य के आज नतीजे होंगे घोषित




**दुर्गूकोंदल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिगी के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-2026 का वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 मार्च सोमवार को सुबह 10 बजे घोषित किया जाएगा। यह परिणाम कक्षा 6 वीं से 9 वीं एवं 11 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जारी किया जाएगा। पालक निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम प्राप्त करें। प्राचार्य ने कहा कि पालकों की सहभागिता विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### चैत्र हिंदू नव वर्ष पर तिलक समारोह का आयोजन

**बस्तर।** एकल अभियान द्वारा क्षेत्र हिंदू नव वर्ष की तिलक समारोह का आयोजन किया गया। हिंदू नव वर्ष और विक्रम संवत की शुरुआत पर एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने नगर में घर-घर जाकर एवं राहगीरों के मस्तक पर तिलक टीका लगाकर और उत्साह के साथ बधाई संदेश देने की परंपरा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

# लाखों की मशीनें धूल खा रहीं, छोटे कापसी में स्वच्छ भारत मिशन पर उठे सवाल

## लाखों की प्लास्टिक कचरा वर्गीकरण एवं कम्पोजिंग मशीनों का उपयोग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

स्वच्छता के नाम पर करोड़ों की योजनाएं जमीन पर किस तरह दम तोड़ रही हैं, इसका ताजा उदाहरण विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत छोटे कापसी में देखने को मिल रहा है। यहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत भेजी गई लाखों रुपये की प्लास्टिक कचरा वर्गीकरण एवं कम्पोजिंग मशीन एक साल से अधिक समय तक धूल खाती रही और अब पंचायत भवन परिसर में स्थापित होने के बाद भी बेकार पड़ी है।

जानकारी के अनुसार करीब 10 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई यह मशीन गांव में कचरा प्रबंधन की बुनियादी व्यवस्था के अभाव में उपयोग से दूर है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि इस मशीन की मांग कभी की ही नहीं गई थी, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा इसे भेज दिया गया। इससे योजना के नाम पर अनावश्यक खर्च और संभावित भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है।



### कई पंचायतो में भेजी गई है मशीन

जानकारों का कहना है कि कोयलीबेड़ा विकासखंड के कई पंचायतों में ऐसी मशीनें खरीदकर पंचायत भेज दिया गया है, बिना उपयोग किए यह मशीने या तो बंद पड़ी हैं या उनका उपयोग नहीं हो रहा। इससे यह स्पष्ट होता है कि बिना जमीनी जरूरत के केवल बजट खर्च करने के उद्देश्य से खरीदी की गई।

विडंबना यह है कि गांव को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से लाई गई मशीन खुद एक साल तक कचरा शेड में पड़ी रही। ग्रामीणों के अनुसार न तो घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था है और न ही किसी स्व-सहायता समूह को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में कचरा अलग-अलग स्थानों पर फेंका जा रहा है, जिससे मशीन के उपयोग की कोई स्थिति ही नहीं बन पा रही। तत्कालीन सीईओ घनश्याम जांगड़े के समय यह मशीनें खरीदी गई। बताया जा रहा है कि जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी तो हुई, लेकिन प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई। अधिकृत अधिकारी के बजाय एक लिपिक को खरीदी एजेंसी बनाकर न केवल छोटे कापसी बल्कि अन्य पंचायतों के लिए भी मशीनें खरीदी गईं।

## आपरेशन : शेष 14 नक्सली बस्तर संभाग के अन्य जिलों से जुड़े हैं

# 17 सक्रिय में दो नक्सली कांकेर जिले के परिजनों ने दी हथियार डालने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में सक्रिय 17 नक्सलियों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है, जिसमें यह तथ्य उजागर हुआ है कि इनमें से केवल दो नक्सली ही कांकेर जिले के निवासी हैं, जबकि शेष 14 नक्सली बस्तर संभाग के अन्य जिलों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा एक महिला नक्सली आंध्रप्रदेश की रहने वाली बताई जा रही है। इस स्थिति ने स्थानीय स्तर पर चिंता का माहौल पैदा कर दिया है, विशेषकर उन परिवारों में जिनके सदस्य नक्सल गतिविधियों में शामिल हैं। परिवार के सदस्य उनसे अपील कर रहे है कि हथियार डालकर समर्पण कर दे।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले की एक नक्सली परतापुर एरिया कमेटी से जुड़ी सनकी पुनेम है, जो पार्टी सदस्य के रूप में सक्रिय है और अपने पास 12 बोर की बंदूक रखती है, वह परतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोड़गेजोड़ा की निवासी है। इसके अलावा दूसरा नक्सली दारसू शोरी है, जो कंपनी नंबर 05 में सक्रिय है। दारसू शोरी ग्राम पिपरा, ग्राम पंचायत देवगांव, विकासखंड अंतागढ़ का निवासी है। दारसू शोरी के पारिवारिक हालात भी काफी संवेदनशील हैं। उसके परिवार में उसका चचेरा भाई हापूराम शोरी ग्राम का पटेल है। बताया जाता है कि दारसू के बड़े और छोटे भाई अब इस दुनिया में नहीं हैं, जिससे परिवार की जिम्मेदारी काफी हद तक उस पर ही आ जाती है। लगभग एक वर्ष पहले दारसू अपने गांव आया था और दो दिन तक वहीं रुका था। इस दौरान परिवार के लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया। दारसू की भाभी ने बताया कि उन्होंने उसे बार-बार समझाया कि अब घर में कोई बड़ा सदस्य नहीं बचा है और करीब 15 एकड़ कृषि भूमि की देखरेख की जिम्मेदारी भी उसी पर है। उन्होंने उसे घर लौटकर खेती और परिवार की जिम्मेदारी संभालने के लिए कहा, लेकिन दारसू ने इस पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी और वापस चला गया। नक्सल समस्या केवल सुरक्षा का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गहरी चिंता का विषय बनी हुई है। परिवारों की उम्मीद है कि उनके सदस्य मुख्यधारा में लौटें और एक सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन की शुरुआत करें।



**काट के फेकूँगा :** पिपरा ग्राम के पटेल हापूराम शोरी ने बताया कि एक साल पहले आया था और मैने उसे बताया कि पुलिस कई बार आ चुकी है और कह रही है कि उसे समझाओ समर्पण कर दें। इतने में दारसू आक्रोशित होकर कहा कि ज्यादा बात मत करें नहीं तो यही काट के फेकूँगा। इसके बाद उसका चचेरा भाई डर के शांत हो गया और फिर कुछ नहीं बोला। उसने बताया कि वह तो जंगल का शेर और पूरे इलाके में उसका डर है।

### हिंसा का रास्ता छोड़कर घर की जिम्मेदारी संभाले

कांकेर जिले के जिन दो नक्सलियों की पहचान हुई है, उनके परिवारों में भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। परिवार के लोगों का कहना है कि वे चाहते हैं कि उनके सदस्य जल्द से जल्द नक्सल संगठन छोड़कर आत्मसमर्पण करें और सामान्य जीवन की ओर लौटें। परिजनों का मानना है कि अब समय आ गया है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर घर-परिवार की जिम्मेदारियों को संभालें।

### दस साल बाद आउंगा

दारसू शोरी का भतीजा कक्षा नौ में बंडापाल में पढ़ाई करता है, उसने बताया कि जब वो आया था, तब उसने कहा था कि मैं दस साल बाद आ जाऊंगा , उसके अलावा कुछ नहीं बोला। हम लोगों ने बोला कि आ जाओं, बड़ा कोई नहीं है। मदद की जरूरत पड़ती रहती है। यह सब सुनता रहा, परंतु कुछ बोला नहीं।

# मोबाइल टॉवर से 72 बैटरियों की चोरी कंपनी को लगाया 1.5 लाख का चूना




**कांकेर।** आमाबेड़ा के किसकोड़ो गांव में वारदात, दो महीने बाद दर्ज हुई एफआईआर। थाना आमाबेड़ा क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे सीधे दूरसंचार व्यवस्था को निशाना बनाने लगे हैं। ग्राम किसकोड़ो स्थित रिलायंस जियो के मोबाइल टॉवर से लाखों रुपए की कीमती बैटरियों की चोरी ने पुलिस और कंपनी दोनों को हैरान कर दिया है। इस वारदात ने न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय संगठित गिरोह की आशंका भी गहरा दी है। इसके अलावा दो माह बाद कंपनी के लोगों की नींद खुली, तभी मामला दर्ज हो सका। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने किसकोड़ो गांव में स्थित मोबाइल टॉवर परिसर में घुसकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने टॉवर के गेट को क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश किया और ओडीसी यूनिट्स के ताले तोड़ दिए। इसके बाद उन्होंने वहां स्थापित कुल 96 नग वरला कंपनी की बैटरियों में से 72 नग बैटरियां पार कर दीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना का खुलासा तब हुआ जब रिलायंस जियो कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत 23 वर्षीय रामकुमार राय, जो मूलतः उत्तर प्रदेश के चंदौली के निवासी हैं और वर्तमान में बड़ेडोंगर में रह रहे हैं, 29 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे नियमित मेंटेनेंस के लिए साइट पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने देखा कि टॉवर का गेट टूटा हुआ है और उपकरणों के ताले भी क्षतिग्रस्त हैं। जांच करने पर चोरी की पुष्टि हुई। बताया जा रहा है कि चोरों ने 28 और 29 जनवरी की दरम्यानी रात इस वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, घटना के तुरंत बाद कंपनी स्तर पर बैटरियों की तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। करीब दो महीने बाद, 28 मार्च को प्रार्थी ने थाना आमाबेड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने के साथ-साथ संभावित गिरोह की तलाश में जुट गई है।

# जमीन विवाद पर ग्रामीण ने उपाध्यक्ष को दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुधावा चौकी क्षेत्र के ग्राम मावलीपारा में आपसी जमीन विवाद के चलते आरोपियों ने साहू समाज के एक पदाधिकारी को खुलेआम गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मावलीपारा निवासी 37 वर्षीय खिलेश्वर कुमार साहू, जो दुधावा परिक्षेत्र साहू समाज के उपाध्यक्ष हैं और रोजी-मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं, ने इस संबंध में दुधावा चौकी में शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित के मुताबिक 27 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के सामने खड़े थे, तभी गांव का ही गैंदूराम साहू वहां पहुंचा और उनका नाम लेकर अश्लील गालियां देने लगा। आरोप है कि गैंदूराम साहू ने जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद खड़ा ▶▶| शेष पेज 10 पर



# घर में घुसकर महिला से मारपीट अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना सिकासोड़ क्षेत्र में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बेखौफ नजर आए, जब ग्राम उमकी में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट की सनसनीखेज घटना सामने आई। रात के अंधेरे में दीवार फांदकर घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने महिला पर हमला कर दिया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम उमकी निवासी 39 वर्षीय रमुला दर्रो ने थाना सिकासोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थिया ने बताया कि 20 मार्च की रात करीब 7 से 8 बजे के बीच वह अपने घर का दरवाजा बंद कर अंदर मौजूद थी। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर उसके घर में घुस आए। अचानक घर में घुसे इन बदमाशों को देखकर महिला घबरा गई और उनसे उनकी पहचान पूछी। महिला द्वारा पहचान से इंकार करने और सुबह आने की बात ▶▶| शेष पेज 10 पर



## बुजुर्गों व महिलाओं की परेशानी का समाधान नहीं

# बस स्टैंड में बुनियादी सुविधाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- प्रसाधन की सुविधा नहीं, प्रशासन का ध्यान किया आकर्षित पर लाभ नहीं

एक ओर देश में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल का बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं के अभाव का उदाहरण बन गया है। यहां सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से रोजाना आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बस स्टैंड क्षेत्र से प्रतिदिन ग्रामीण और शहरी इलाकों के लोग सफर करते हैं। कई बार बसों के इंतजार में यात्रियों को घंटों रुकना पड़ता है, लेकिन शौचालय जैसी आवश्यक सुविधा के अभाव में उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है, जिनके लिए खुले में जाना मजबूरी बन गया है।




### प्रशासन से की माँग

दुर्गूकोंदल क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बस स्टैंड परिसर में सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए। उनका मानना है कि यह कदम यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

स्थानीय व्यापारी संघ अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा सहित सोमल जैन, नरेंद्र जैन, गैदलाल लावते और ओम दुग्गा ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार प्रशासन को इस संबंध में जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

उनका कहना है कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर शौचालय का होना बेहद जरूरी है। स्थानीय नागरिकों का भी कहना है कि शौचालय की अनुपलब्धता न केवल असुविधा का कारण बन रही है, बल्कि इससे स्वच्छता और स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। खुले में शौच जाने की मजबूरी से गंदगी फैल रही है, जो संक्रमण और बीमारियों को बढ़ावा दे सकती है।

# बस्तर फाइटर आरक्षक से मारपीट की, तीन युवकों पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना पखांजूर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए तीन युवकों द्वारा पुलिस विभाग के एक आरक्षक के साथ गाली-गलौच और मारपीट करने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि आरोपियों ने आरक्षक द्वारा अपना परिचय देने के बावजूद न केवल वर्दी का अपमान किया, बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए उन पर हमला कर दिया।

पीड़ति आरक्षक गोण्डाहुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 47 राधानगर निवासी 25 वर्षीय पंकज देवनाथ पिता प्रशांत देवनाथ जो वर्तमान में बस्तर फाइटर के अंतर्गत ईगल बी टीम पोडगांव में पदस्थ हैं। वह 24 मार्च से 4 दिनों के आकस्मिक अवकाश पर अपने गृह ग्राम पीव्ही 47 राधानगर आए हुए थे। 27 मार्च की रात करीब 9 बजे पंकज अपने मित्र के साथ नामकीर्तन सुनने ग्राम पीव्ही 45 गए थे। जब वे मैदान में अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर रहे थे, तभी गाँव के ही तीन युवक टोप्पु मण्डल, आशीष मण्डल और देवजीत सीकदार नशे की हालत में वहां पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। आरक्षक पंकज ने बताया कि जब उन्होंने अन्य गाड़ियों का हवाला देते हुए मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात कही, तो तीनों युवक उग्र हो गए और गालियां देने लगे। पंकज ने स्थिति शांत करने के लिए अपना परिचय दिया कि वे पुलिस विभाग में कार्यरत हैं।



इस पर आरोपियों ने और अधिक आक्रोशित होकर कहा, पुलिस वाला कौन होता है? और पुलिस प्रशासन को अपशब्द कहते हुए आरक्षक पर हाथ-मुक्कों और हाथ में पहने धातु के कड़े से हमला ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### पर्यटकों को देखने उद्यान की गुफाओं में मिल रही 12 रंगों की एलईडी लाइट

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित गुफाओं को अब पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक बना दिया गया है। पर्यटकों को 12 रंगों की एलईडी लाइटें दी जा रही हैं, जो एक जादुई माहौल बनाती हैं। ये लाइटें गुफा के प्राकृतिक दृश्यों को रंग-बिरंगे प्रकाश में दिखाती हैं, जिससे गुफाओं के भीतर का अनुभव रोमांचक हो गया है। यह पहल गुफाओं की चूना पत्थर की संरचनाओं को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने और पर्यटकों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करने के लिए की जा रही है। गुफा के अंदर की चूना पत्थर की आकृतियों स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स की भव्यता को उजागर करने के लिए 12 रंगों वालीएलईडी लाइट्स लगाई जा रही हैं, जो इसे एक नया टूरिस्ट स्पॉट बनाएंगी। गुफा के अंदर मौजूद स्टैलेक्टाइट और फ्लोस्टोन पर 12 रंगों की एलइडी लाइट्स का रंगीन आकर्षण देखने को मिलेगा। यहां की कुटुम्बसर, कैलाश और डंडक गुफाएं भू-वैज्ञानिक संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राष्ट्रीय उद्यान में प्रबंधन से मिले आंकड़ों के अनुसार कांगेर घाटी में छह महीनों में 3 लाख 50 हजार पर्यटक पहुंचे।

### बूढ़ादेव जतरा में लांदा मंद और प्रसाद का चढ़ाया भोग



**जगदलपुर।** बेड़ागांव प्राचीन हिंगलाजिन माता मूल मंदिर के 30 वर्ष उपरांत होने वाला बूढ़ादेव जतरा डोलहा पुजारी परिवार के रामनाथ कश्यप वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांतीय संगठन मंत्री ने मालगुजार परिवार के अजय सिंह बैस के साथ लांदा, मंद, परंपरागत प्रसाद चढ़ाकर रीति रिवाजों का निर्वहन किया।

### शासकीय महिला कर्मचारी के दैहिक शोषण मामले में बिफरी कांग्रेस

# भानुप्रतापपुर और चारामा में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



जिले में एक शासकीय महिला कर्मचारी के साथ कथित दैहिक शोषण और उत्पीड़न के आरोप के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इसी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर ने रविवार 29 मार्च को नगर के मुख्य चौक में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब एक शासकीय महिला कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं है, तो आम महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। वहीं पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है।

इस अवसर पर कृष्णा टेकाम, राजकुमार ठाकुर, सुनाराम तेता, चंद्रशेखर यदु, विजय धामेचा, सुरेश पंजवानी, भगवान सिंह, नरेंद्र कुलदीप, मुकेश चंद्राकर, हितेश तिवारी, लक्ष्मीकांत ठाकुर, नमन जैन, दीपक गजेंद्र, निकेश ठाकुर, नितेश योगी, रितेश संचेती, नरेश जायसवाल, भोला साहू, फुरकान अहमद, चेतन मरकाम, रवि साहू, रवि दुग्गा, पुरुषोत्तम कुंजाम, प्रमोद कोमरे, जय प्रकाश पद्मा सहित महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण डोंगरे, सीमा सेन गुप्ता, लक्ष्मी कुलदीप, युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश यदु, विक्की पांडे, नवनीत ठाकुर, नीलेश कटझरे, वेद देवांगन, एनएसयूआई अध्यक्ष रविंद्र कड़ियांम, अनुराग शर्मा, योगेश यादव, कुणाल टेकाम, रविंद्र कोरेटी, गणेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### चारमा में भी कांग्रेसियों ने फूंका पुतला, जताया विरोध

चारामा। कोरर चौक चारामा में 29 मार्च को ब्लाक कांग्रेस कमेटी चारामा के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हिरवेंद्र साहू, पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग नरेंद्र यादव, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मंजू सोनकर, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव अमृत देवांगन, जिला युवा कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र नायक, मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सत्तार खान, रानू कमलेश सेन, सौरभ मोनू ताराम, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अंजू नाग, बूथ अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस सचिव कैलाश कठोलिया, सेक्टर अध्यक्ष शिव सोनकर, सुभाष सोनकर, पूर्व एल्डरमैन विनोद साहू, सरपंच रविलाल नायक, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवानंद, कुरेटी बूथ अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, कांग्रेस नेता गण यादोराम साहू जी संतोष सिंधे, केएल मरकाम व अन्य उपस्थित रहें।

## भैंसाकन्हार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के अंतर्गत भैंसाकन्हार शक्ति केंद्र के बैजनपुरी बूथ क्रमांक-1 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 132 वीं कड़ी को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मार्च का यह महीना वैश्विक स्तर पर काफी हलचल भरा रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि बीते कुछ वर्षों में पूरे विश्व ने कोरोना जैसी महामारी का डटकर सामना किया है, लेकिन आज खाड़ी देशों सहित दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध की स्थिति बनती जा रही है। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों में रह रहे लाखों भारतीयों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। ऊर्जा के बड़े व्यापारिक केंद्रों में युद्ध के कारण उत्पन्न हुए खनिज तेल के संकट पर चर्चा करते हुए मोदी जी ने देशवासियों से एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने उन लोगों की कड़े शब्दों में आलोचना की जो इस संवेदनशील विषय पर राजनीति कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़े विषयों पर स्वार्थ भरी और छोटे स्तर की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। अफवाह फैलाने वाले लोग देश का बड़ा नुकसान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जनता से अव्हान किया कि वे जागरूक रहें और सरकार द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिस तरह भारत ने पहले भी कई विकट परिस्थितियों पर विजय पाई है, इस बार भी हम इस समस्या से सफलतापूर्वक बाहर निकल जाएंगे।

## जनशक्ति को बताया देश की ताकत जल संरक्षण व स्वास्थ्य पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



पुनर्वास केंद्र भानुप्रतापपुर में मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों के साथ सभी ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी के माध्यम से 29 मार्च को मन की बात के 132 वें एपिसोड में देश-विदेश के लोगों से संवाद किया, जो वर्ष 2026 का तीसरा प्रसारण रहा। उन्होंने कहा कि मार्च का महीना वैश्विक स्तर पर काफी हलचल भरा रहा है और दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में उन्होंने देशवासियों से संयम बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने का अव्हान किया। प्रधानमंत्री ने जनभागीदारी की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि जब समाज स्वयं आगे आता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। वाराणसी में एक घंटे में 2.51 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसे जनशक्ति का प्रेरक प्रतीक बताया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत देशभर में करोड़ों पौधे लगाए जा चुके हैं। जल संरक्षण को लेकर उन्होंने विशेष चिंता व्यक्त की और कहा कि गर्मियों की शुरुआत के साथ पानी बचाने का संकल्प बेहद जरूरी है। अमृत सरोवर जैसे अभियानों के माध्यम से देशभर में हजारों जल संरचनाएं बनाई गई हैं। त्रिपुरा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के गांवों के उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे सामूहिक प्रयास से जल संकट का समाधान किया जा सकता है।

स्वास्थ्य और फिटनेस पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उल्लेख किया और योग के बढ़ते वैश्विक प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने लोगों से चीनी का सेवन कम करने और खाने के तेल में लगभग 10 प्रतिशत तक कटौती करने की सलाह दी, ताकि बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। खेल जगत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री ने माई भारत, मेरा बजट अभियान और ज्ञान भारतम जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए आगे आने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में देशवासियों को एकजुट रहना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक शक्ति से देश हर कठिनाई का सामना करते हुए मजबूती से आगे बढ़ेगा। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापपुर डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार उर्वशा, केके भास्कर, सावन कुमार, सुरेश दुबे एवं रायपुर से आए जनसंपर्क विभाग के सदस्य इस दौरान उपस्थित रहें।

### शाह व सुरक्षा बलों की दृढ़ इच्छाशक्ति से ही बस्तर में थमी हिंसा : बाफना

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा बस्तर से नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय-सीमा से पूर्व मिली ऐतिहासिक सफलता पर पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संतोष बाफना ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि दशकों के खूनी संघर्ष के बाद बस्तर अब शांति और प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पत्र के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करते हुए बस्तर की सामाजिक स्थिरता और सर्वांगीण विकास हेतु अपना विजन और सुझाव प्रेषित किया है। श्री बाफना ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री के कुशल मार्गदर्शन और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस से ही बस्तर में नक्सल हिंसा का दौर थमा है। शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति और विकासपरक दृष्टिकोण ने आदिवासियों के मन में सुरक्षा और विश्वास का नया संचार किया है। इसके लिए संपूर्ण बस्तर अंचल गृह मंत्री तथा सुरक्षा बलों का ऋणी है। पूर्व विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि बस्तर एक बहु-सांस्कृतिक अंचल है।



## भाजपा मण्डल चारामा में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



भारतीय जनता पार्टी मण्डल चारामा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ 28 मार्च को गरिमामयी वातावर में शुरू हुआ। संगठन की विचारधारा कार्यपद्धति एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तार से बताया गया। प्रथम दिवस में मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए सभी प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल कार्यकर्ताओं को सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

यह प्रशिक्षण दो दिवसीय आवासीय स्वरूप में आयोजित किया गया है, जिसमें कुल आठ विषयों पर क्रमबद्ध सत्र आयोजित किए गए हैं। इस सत्रों में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, विचार धारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांत संगठन संरचना कार्यकर्ता को भूमिका जनसंपर्क, कौशल सेवा कार्यों की महत्ता एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण महाअभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाना, संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करना तथा उन्हें एक सक्षम अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में तैयार करना। इस प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर पूरे मण्डल सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे। कार्यक्रम दूसरे दिवस समापन अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटीया, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, मण्डल प्रभारी राजा देवनानी, ओम प्रकाश साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किरण उसेंडी, हीरा मरकाम, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, आलोक ठाकुर, हेमेंद्र ठाकुर, नन्द कुमार ओझा, तेजेश्वरी सिन्हा, मण्डल महामंत्री संतोष नाहर खुशी जोतवानी, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, ढाल सिंह सिन्हा, विजय मंडावी, उमा शर्मा, प्यारे लाल देवांगन, खेम तिवारी, अंजू सोनकर,पार्षद संतोष ओझा अजय जगवानी, भोज राज सोनी, प्रियेश सेन, परमेश्वर यादव, संतोषी सिन्हा, सुशील निषाद, ईश्वर छाटा, भागी राम साहू, अमिता बंजारे, दीपक सोनकर, लोकेश सोनकर, सत्कार पटेल, यमुना मंडावी, अमृत सिन्हा, अमजद खान, सुरेश सबनानी, स्वपन बोस, अल्का तिवारी, अमित साहू, वासु साहू, तामेश्वर साहू, भोज सिन्हा, रूपेश देवांगन, करण निर्मलकर,टीकम तारम, अशोक देवांगन, आशीष ऊईके, सजल सिन्हा, धर्मेन्द्र सोनकर, धर्मेन्द्र कुंजाम सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## नक्सलवाद का अंत, भयमुक्त और शांत प्रदेश की ओर ऐतिहासिक कदम : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने राज्य में लंबे समय से चली आ रही नक्सल समस्या के खात्मे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ पूरी तरह से भयमुक्त और शांत वातावरण स्थापित हो चुका है। जिन क्षेत्रों में कभी दहशत का माहौल था, वहां आज आम लोग खुलकर जीवन जी रहे हैं और विकास की नई धारा बह रही है। श्री कश्यप ने कहा कि स्थानीय लोगों की खुशी इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि



प्रदेश इस तरह नक्सलवाद से मुक्त हो पाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय केंद्र सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और संकल्प को दिया है। यह पूरे देश के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। आज देश एक ऐसे दौर में पहुंच चुका है जहां दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव हो रहा है। कश्मीर से लेकर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक फैसले, केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाते हैं। उसी कड़ी में छत्तीसगढ़ का नक्सलवाद से मुक्त होना भी एक बड़ी उपलब्धि है। लगभग 50 वर्षों की नक्सल पीड़ा से मुक्ति दिलाना आसान नहीं था, लेकिन गृहमंत्री अमित शाह ने अपना संकल्प पूरा किया।

मंत्री कश्यप ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज के साथ अन्याय किया है। आजादी के बाद से आदिवासी क्षेत्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया।

### घर में घुसकर महिला ...

कहने पर आरोपी भड़क गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। एक आरोपी ने महिला का गला, कंधा और बांह पकड़कर उसे बेरहमी से पीटा, जिससे उसके चेहरे और गले पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दौरान महिला ने जोर-जोर से शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग सतर्क हो गए। महिला की आवाज सुनकर उसके देवर के बच्चे मुकेश और रवि दर्रो मौके पर पहुंचे। जैसे ही आरोपियों ने अन्य लोगों को आते देखा, वे तुरंत दीवार फांदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल महिला ने परिजनों की मदद से पूरी

## पेज 07 के शेष ...

घटना की जानकारी पुलिस को दी। सिकसोड़ पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331 (4), 115 (2) और 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जमीन विवाद पर ...

करते हुए कहा कि तुम मेरे जमीन को तार से घेर लिए हो, अगर उसे नहीं हटाओगे तो जान से मार दूंगा। इस धमकी से खिलेश्वर कुमार साहू बुरी तरह भयभीत हो गए और उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत पुलिस से की। मामले को गंभीरता से लेते हुए दुधावा चौकी पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी गैंदूराम साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बस्तर फाइटर आरक्षक...

कर दिया। हमले में आरक्षक पंकज देवनाथ की दाहिनी आंख में गंभीर सूजन आई है और सिर पर भी चोटें लगी हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी टोप्पु मण्डल, आशीष मण्डल और देवजीत सीकदार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जनगणना कार्य के लिए फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनगणना फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ रायपुर से नियुक्त नोडल अधिकारी संतोष मंडे एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स वेणुगोपाल राव ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर्स अब अपने-अपने चार्ज अधिकारी स्तर पर सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### अब आपात स्थिति में मदद को रहेंगे तैयार

# जेपी इंटरनेशनल स्कूल के शिविर में बच्चों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



आपात स्थिति में किसी की जान बचाना अब केवल डॉक्टरों तक सीमित नहीं रहेगा, जेपी के छात्र भी अब लाइफ सेवर बनने की राह पर हैं। सरंगपाल स्थित जेपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर ने बच्चों को न सिर्फ प्राथमिक उपचार बल्कि सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों में दक्ष बनाकर एक नई सोच को जन्म दिया है।

वर्तमान समय में अचानक बिगड़ती स्वास्थ्य स्थितियों और दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यह पहल बेहद सार्थक साबित हो रही है। शिविर का आयोजन जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को संकट की घड़ी में त्वरित और सही निर्णय लेने के लिए प्रशिक्षित किया गया। जिला रेडक्रॉस अधिकारी पवन कुमार सेन ने कहा कि समाज के हर वर्ग को प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य मुख्यालय एवं कलेक्टर सह अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और सचिव डॉ. आरसी ठाकुर के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना था कि अक्सर जानकारी के अभाव में लोग मदद करने से पीछे हट जाते हैं, जबकि सही समय पर दी गई सहायता किसी को नया जीवन दे सकती है। स्कूल प्रबंधन ने इस प्रशिक्षण को समय की मांग बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों के लिए भी तैयार करना आवश्यक है। प्रशिक्षक प्रदीप कुमार सेन ने छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सीमित संसाधनों में भी प्रभावी सहायता कैसे की जा सकती है। उन्होंने चादर, बांस, रस्सी और शर्ट जैसी सामान्य वस्तुओं से अस्थायी स्ट्रेचर बनाकर घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने का लाइव प्रदर्शन किया। साथ ही रेडक्रॉस के इतिहास, उसके सात मूल सिद्धांतों और मानव सेवा में उसकी वैश्विक भूमिका पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। एक छात्र ने कहा कि पहले ऐसी परिस्थितियों में घबराहट होती थी, लेकिन अब वे सही तकनीक के साथ तुरंत मदद करने के लिए तैयार हैं।

